सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 206 | इंदौर, सोमवार 05 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Jharkhand: अपने अफसरों के खिलाफ दर्ज FIR रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंची ईडी, हेमंत सोरेन ने किया था केस
2. FIFA World Cup: न्यूजर्सी करेगा विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी, मैक्सिको में मैच से शुरू होगा टूर्नामेंट

# जानलेवा हार्ट अटैक



## नाबालिग और युवा भी हो रहे मौत का शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वर्षों पहले कभी कभार ही सुनने को मिलता था कि फलां व्यक्ति की दिल की बीमारी से मौत हो गई, लेकिन अब तो यह दिल की बीमारी खासकर हार्ट अटैक खतरनाक या यूं कहें कि जानलेवा होता जा रहा है। यह बीमारी उन लोगों को भी अपनी चपेट में ले रही है, जिनके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता कि इस उम्र भी हार्टअटैक आ सकता है। यानि हार्ट अटैक के शिकार केवल बुजुर्ग या अधेड़ उम्र के लोग ही नहीं हो रहे, बल्कि नाबालिग और युवा भी हो रहे हैं। हाल ही में शहर में नहीं वरन पूरे प्रदेश और देश में अनेक ऐसे मामले में सामने आए हैं, जिनमें उम्मीद ही नहीं थी कि ऐसे फिट लोगों को भी हार्ट अटैक आ सकता है।

## लगातार सामने आ रहे दिल की बीमारी से मौत के मामले

हाल ही में शहर में दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इनमें से एक ने तो रास्ते में चक्कर खाकर गिरे और दम तोड़ दिया। केवल ये दो मामले ही ऐसे नहीं है। प्रदेशभर में हार्ट अटैक से मौतों के कुछ ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं जब खेलते-कूदते, यहां तक कि बैठे-बैठे भी लोगों की और खासतौर पर युवा दम तोड़ रहे हैं। हार्ट अटैक से मौत की पहली घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र में सामने आई है। जब पैदल जा रहे राजू सुनहरे रास्ते में ही सीने में दर्द उठने से बेसुध होकर गिर गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 50 साल के राजू सुनहरे पाटनीपुरा फूल माली समाज धर्मशाला से घर के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में ही मौत का सामना हो गया।

### →सोते समय आया हार्ट अटैक

हार्ट अटैक का एक ऐसा ही मामला हीरा नगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां 40 साल के युवा शकील खान की एकाएक मौत हो गई। शकर खेड़ी में रहनेवाले उनके परिजन मोहम्मद अली ने बताया कि मृतक शकील घर में सो रहे थे। जब पत्नी के कई बार पुकारने पर भी उन्होंने जवाब नहीं दिया तो परिवार के सदस्यों को बुलाया और शकील को उठाने का प्रयास किया। उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

प्रदेश में पिछले दिनों इसी तरह हार्ट अटैक से कई मौतें हो चुकी हैं। इंदौर में 18 साल के राजा की तो कोचिंग क्लास में बैठे-बैठे ही मौत हो गई थी। सेना के जवान विनोद शंकर ने क्रिकेट खेलते हुए हार्ट अटैक से दम तोड़ दिया।

### →इसलिए जा रही जान

शहर के कार्डियोलॉजिस्ट और डॉक्टर्स के अनुसार युवाओं में हार्ट अटैक की सबसे बड़ी वजह उनकी बदली हुई लाइफ स्टाइल है। ज्यादातर युवा स्मोकिंग और तंबाकू के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। समोसे, कचोरी जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ, अनसैचुरेटेड फैट का सेवन भी इसकी बड़ी वजह है।

## इसलिए सर्दी में ज्यादा आता है हार्टअटैक

ज्यादातर युवा एक्सरसाइज बिल्कुल भी नहीं करते। सर्दी में हार्ट अटैक इसलिए भी ज्यादा आता है क्योंकि ऐसे मौसम में हार्ट वेसल्स सिकुड़ जाती हैं। इससे बचने के लिए नशा आदि से बचाव बेहद जरूरी है। भोपाल के हमीदिया अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस मीना कहते हैं कि ज्यादा नशा करने से हार्ट की मसल्स कमजोर हो जाती है। इन्हीं मसल्स से हार्ट का निर्माण होता है। इन मसल्स के कमजोर होने से धडक़न की गति असामान्य हो जाती है और कार्डियक फेलियर का खतरा बढ़ जाता है।

### बड़ी वजह लाइफ स्टाइल

जेके अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जीसी गौतम कहते हैं कि पहले के मुकाबले युवाओं में हार्ट अटैक की सबसे बड़ी वजह लाइफ स्टाइल है। जितने भी युवा है, उनमें स्मोकिंग का चलन बढ़ा है। वे तंबाकू का भी इस्तेमाल करते हैं। ये हार्ट के लिए फायदेमंद नहीं है। साथ ही अनसैचुरेटेड फैट जैसे समोसे, कचोरी और तला हुआ खाना भी इसकी बड़ी वजह है। ज्यादातर युवा घर के खाने की बजाय बाहर की चीजें ज्यादा खाते हैं। एक्सरसाइज बिल्कुल नहीं करते। वैसे भी सर्दी में हार्ट अटैक की समस्या ज्यादा होती है क्योंकि हार्ट वेसल्स में सिकुडऩ होती है।

### बढ़ जाते हैं ब्लड क्लॉट के चांस

भोपाल एम्स के डॉ. किसलय श्रीवास्तव कहते हैं कि विटामिन की कमी से हाइपरहोमोसिस्टीनेमिया होता है। ये होमोसिस्टीन एक अमीनो एसिड होता है, जो शरीर में बढ़ जाता है। इससे ब्लड क्लॉट के चांस बढ़ जाते हैं। अभी मैंने जांच में पाया है कि इसकी मात्रा लोगों के शरीर में बढ़ी हुई है। पहले ये 20 से 30 फीसदी होती थी, अब 80 से 90 फीसदी हो गई है। अब या तो ये विटामिन की कमी से है या फिर आनुवांशिक है। ज्यादा चांस विटामिन की कमी से लगते हैं। विटामिन की कमी दूर कर हम युवाओं को बचा सकते हैं।

# इंदौर की सड़कों पर दौड़े फिल्म अभिनेता सोनू सूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रविवार को फिल्म अभिनेता सोनू सूद इंदौर की सड़कों पर दौड़ लगाते नजर आए। इस मौके पर सोनू सूद ने कहा कि 'इंदौर से मेरा बहुत पुराना रिश्ता है। जब मैं छोटा था तो छुट्टी में यहां आया करता था। 56 दुकान हो, पलासिया हो, राजबाड़ा हो। इंदौर को अब आपने इतना खूबसूरत बना दिया है कि मैं ही यहां आकर कन्फ्यूज हो जाता हूं कि कौन-सी रोड पर आ गया हूं। इंदौर को आपने क्लीनेस्ट सिटी के साथ साथ फिटेस्ट सिटी भी बना दिया है। दौड़ते रहे, सपने पूरे करते रहो। आप लोगों को देखकर ऐसा लग रहा है कि मैं आप लोगों से फिटनेस के बारे में कुछ सीख लू।' सोनू के साथ बड़ी संख्या में भीड़ थी। 'कोल इंडिया इंदौर मैराथन 2024% की थीम पर आयोजित हुई यह मैराथन एआईएम की दसवीं मैराथन थी। जो सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए थी। इसमें सेहत का पाठ भी पढ़ाया गया। दौड़ने से पहले सभी रनर्स को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

### राजवाड़ा और नेहरू स्टेडियम पर इकट्ठा हुए शहर के लोग

मैराथन में शामिल होने के लिए युवा, बुजुर्ग और फैमिली के साथ बड़ी संख्या में शहर के लोग राजवाड़ा पहुंचे। यहां अलग-अलग सॉग में लोग डॉस करते नजर आए। इसके बाद सेहत के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। सोनू सूद ने भी लोगों के बीच डॉस किया। फुल मस्ती में लोग नाचते-झूमते रहे।





### अलग-अलग कैटेगरी में दौड़

- 21 किमी. की हाफ मैराथन सुबह 5.30 बजे नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई।
- 10 किमी. वाली मैराथन सुबह 6.30 बजे नेहरू स्टेडियम से ही शुरू हुई।
- 5 किमी. की मैराथन हैरिटेज वॉक सुबह 8.30 बजे राजवाड़ा से शुरू हुई।
- 3 किमी. की फैमिली रन सुबह 8 बजे यशवंत क्लब से शुरू हुई।

### सोनू सूद एक दिन पहले पहुंचे थे इंदौर

मैराथन की शुरुआत अलग-अलग जगहों से हुई। जो सुबह साढ़े 5 बजे से शुरू होकर लगभग 11 बजे नेहरू स्टेडियम में समाप्त हुई। इसमें शामिल होने के लिए सोनू सूद एक दिन पहले ही इंदौर पहुंच गए थे। वह रनर्स की हौसला अफजाई के लिए विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## थाने से प्रश्न पत्र प्राप्त करने से पहले सेल्फी लेना जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सोमवार से दसवीं और मंगलवार से बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया है। नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से अलग-अलग उड़नदस्ते होंगे। साथ ही कलेक्टर प्रतिनिधि को भी प्रत्येक सेंटर पर रखा गया है। उसकी मौजूदगी में प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिनिधि और केंद्र अध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदार सुबह साढ़े छह बजे केंद्र पर इकट्ठा होंगे। यहां से सभी पहले नजदीकी पुलिस थाने से प्रश्न पत्र प्राप्त करने जाएंगे। मगर उससे पहले कलेक्टर प्रतिनिधि अपनी तरफ से एक सेल्फी लेकर एप्लीकेशन पर अपलोड करेंगे। फिर थाने से प्रश्न पत्र का बाक्स हासिल किया जाएगा। प्रश्न पत्र का बाक्स प्राप्त करने के बाद कलेक्टर प्रतिनिधि के नेतृत्व में सभी लोग सीधे केंद्र पहुंचेंगे। यहां भी सेल्फी खींचकर भेजी जाएगी। उसके बाद ही प्रश्न पत्र को खोला जाएगा। प्रश्न पत्र के लिफाफे कंट्रोल रूम में नहीं खुलवाते हुए इस बार पर्यवेक्षक को अपनी-अपनी कक्षाओं में खोलना होंगे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रश्न पत्र के बंडल तीन तरह के बनाए हैं, जो 20, 40 और 60 प्रश्न पत्र के होंगे। ये लिफाफे पर्यवेक्षक को कक्षा में मौजूद विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से देंगे। यदि किसी लिफाफे की सील खुली पाई जाती है तो तुरंत कलेक्टर प्रतिनिधि को जानकारी दें। साथ ही केंद्र अध्यक्ष को भी बताएं।

## प्रदेश में 275 सीएम राइज स्कूल संचालित

→आगामी 10 वर्षों में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में सर्व-सुविधायुक्त वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा देने के लिये सीएम राइज स्कूल की स्थापना की गई है। पहले चरण में 275 सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किये जा चुके हैं। आने वाले 10 वर्षों में प्रदेश में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

सीएम राइज स्कूल में के.जी. से कक्षा 12वीं तक के संचालन की व्यवस्था के साथ अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण की व्यवस्था की गई है। राज्य में 269 सीएम राइज स्कूलों के नवीन भवन निर्माण के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने 9 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दी है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये डिजिटल कक्षा, पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय, कला, नृत्य, संगीत एवं योग शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

**स्कूलों में परिवहन की व्यवस्था-** सीएम राइज स्कूलों में दूर से आने वाले विद्यार्थियों को सुविधा देने के मकसद से परिवहन की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे स्कूल के आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। सीएम राइज स्कूल में बेहतर नेतृत्व प्रदान करने की दृष्टि से इन स्कूलों के प्राचार्यों को भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर में प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके साथ ही प्राचार्यों को राष्ट्रीय स्तर के ख्याति-प्राप्त विद्यालयों में एक्सपोजर विजिट कराया गया है।

**योजना का द्वितीय चरण-** सीएम राइज योजना के दूसरे चरण में 5,986 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें से 258 स्कूलों को दूसरे चरण में संचालित करने की स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वीकृति जारी की है।

**प्राचार्य हेण्ड-बुक-** प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को विश्व-मानकों के अनुरूप पूरा करने की दृष्टि से प्राचार्य और शिक्षकों के लिये अलग-अलग हेण्ड-बुक तैयार की गई हैं। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति के लिये सीएम राइज स्कूलों के लिये छात्र डायरी तैयार की गई है।

कटाक्ष




# इंदौर के खजराना मंदिर में तीन नई प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के विश्वप्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में अहिल्या माता, शंकराचार्य और ब्रह्मलीन मुख्य पुजारी भालचंद्र भट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की मांग ने फिर से जोर पकड़ लिया है। भालचंद्र भट्ट की पुण्यतिथि पर भक्तों ने मांग की है कि मंदिर परिसर में उनकी मूर्ति की स्थापना की जाए। उन्होंने खजराना गणेश मंदिर को 50 वर्ष से भी अधिक समय तक संवारा है। वे 5 फरवरी 2015 को ब्रह्मलीन हुए और उनके गए हुए नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं।**

मंदिर समिति ने मंदिर के सत्संग सभागृह में तीन प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग की है। सन् 1735 में मंदिर में पुण्य कार्य करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई एवं सनातन धर्म के आदि गुरु शंकराचार्य के साथ खजराना गणेश के प्रमुख साधक और तपस्या के धनी ब्रह्म स्वरूप भालचंद्र भट्ट की मूर्ति की स्थापना करने की मांग की गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने कहा कि मंदिर परिसर में यह प्रतिमाएं होंगी तो हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।



यह मांग मठ मंदिर संत संगठन एकात्मक समिति की ओर से की गई है। इस पर पंडित डॉक्टर भूपेंद्र धरवा एवं अधिवक्ता प्रमोद मीठा, राजेश व्यास, भारत पुरी, गोस्वामी लोकेश भटनागर ने अपने विचार रखे और शीघ्र ही इस कार्य को पूरा करने की मांग की।

# उमरीखेड़ा इंदौर में विकसित होगा ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क

## पर्यटक ले सकेंगे प्राकृतिक सौंदर्य एवं नाइट सफारी का आनंद

→जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने वन मंत्री श्री चौहान को दिया प्रस्ताव

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान को उमरीखेड़ा, इंदौर में ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क बनाए जाने और रालामंडल अभ्यारण में आवश्यक विकास कार्य कराए जाने संबंधी प्रस्ताव सौंपा है। वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट से भोपाल में उनके निवास पर मुलाकात की और आश्वस्त किया कि यह कार्य शीघ्र कराया जाएगा।

प्रस्ताव अनुसार इन क्षेत्रों को विकसित किए जाने से इंदौर जिले के साथ-साथ उज्जैन, देवास, खंडवा, धार, शाजापुर, सीहोर, भोपाल आदि जिलों के सैलानियों के लिए ये स्थान भ्रमण के लिए नेशनल पार्क के विकल्प के रूप में मिल सकेंगे और यहां पहुंचकर वे प्राकृतिक सौंदर्य, वन्य जीव एवं नाइट सफारी का आनंद लेकर रोमांचित हो सकेंगे।



उमरीखेड़ा ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रतिदिन सैलानी पहुँचकर वन्यजीव प्रेमी प्राकृतिक सौंदर्य एवं रोमांच का अनुभव करते हैं। ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क उमरी खेड़ा में 290 हेक्टेयर क्षेत्र में बटरफ्लाई पार्क, ट्रैकिंग एडवेंचर जोन और इंटरप्रिटेशन सेंटर आदि हैं। विभाग द्वारा ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क उमरीखेड़ा को विकसित करने के लिए लगभग 7 करोड रुपए की लागत का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत सैलानियों के लिए 145 लाख रूपये की लागत से 15 कॉटेज, 15 स्विस टेंट और 20 अन्य टेंट तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही 85 लाख रूपये की लागत से एडवेंचर पार्क, चिल्ड्रन पार्क, वॉच टॉवर्स, बटरफ्लाई पार्क, हर्ब्स पार्क, ओपन एयर थिएटर आदि का विकास किया जाएगा। योजना में 105 लाख रुपए की लागत से ट्रैकिंग ट्रेल, साइकलिंग ट्रेल, लोटस पाउंड और लैंडस्कैपिंग वर्क किया जाएगा। योजना में 90 लाख रूपये की लागत से कैफे एंड रेस्टोरेंट विकसित किया जाएगा। योजना में 80 लाख रुपए की लागत से सोलर पावर सिस्टम लगाया जाएगा। इसके साथ ही 195 लाख रुपए की लागत से साइड इंप्रूवमेंट, ब्यूटीफिकेशन कार्य एवं अन्य कार्य कराए जाएंगे। रालामंडल अभयारण्य लगभग 275 हेक्टेयर क्षेत्र फैला हुआ है। इसको विकसित करने के लिए विभाग द्वारा 3 करोड़ 94 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी ने ओंकारेश्वर का किया दौरा



→विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। आगामी सिंहस्थ एवं ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी द्वारा ओंकारेश्वर का दौरा किया गया। उनके द्वारा ममलेश्वर मंदिर परिसर तथा समीपस्थ क्षेत्र के विकास, घाटों का सुदृढ़ीकरण एवं घाटों की सुरक्षा व्यवस्था तथा मंदिर स्थित रैंप को उपयोगी बनाने हेतु एमपी टूरिज्म के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही खण्डवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह द्वारा सड़कों के चौड़ीकरण, साफ़ सफ़ाई तथा मंदिर मार्ग में अतिक्रमण हटाने हेतु राजस्व अधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देशित किया गया।

## उर्स के मौके पर हुआ कव्वाली का आयोजन

**इंदौर**। खजराना में हजरत नाहरशाह वली के 75वें सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। इसमें फनकार दिल्ली के सैम अली नियाजी, राजस्थान के जुबैर नईम अजमेरी, दिल्ली के आमिर अकबर अली ने प्रस्तुति दी, जिससे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए तो लोग झूमने पर मजबूर हो गए। कव्वालों, संगत कलाकारों और अतिथियों का स्वागत दरगाह कमेटी के अध्यक्ष डॉ. रिजवान पटेल ने किया। इस मौके पर सदर डॉ. पटेल ने कहा- दरगाह की आमदनी का एक हिस्सा गरीब बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे। जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रेहान शेख, सचिव साजिद रॉयल ने भी शिरकत की। रविवार को रंगे महफिल के साथ उर्स का समापन होगा।

# इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन का काम शुरू, प्लेटफार्म का विस्तार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। उज्जैन में चार साल बाद लगने वाले सिंहस्थ मेले को देखते हुए इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के विस्तार का काम शुरू हो गया है। यहां नई बिल्डिंग और परिसर भी बनेगा, फिलहाल प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने, नए प्लेटफार्म बनाने का काम चल रहा है और उन पर शेड भी लगाए जा रहे है।**



इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही के कारण दबाव बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए अब लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन का विस्तार रेल विभाग ने शुरू कर दिया है। इस स्टेशन की मुख्य स्टेशन से चार किलोमीटर की दूरी है। फिलहाल लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर ऋषिकेश जाने वाली ट्रेन ही रुकती है। स्टेशन का बड़ा स्वरूप होने के बाद अब दूसरी रेल गाड़ियां भी यहां से चलेगी और गाड़ियों के स्टॉपेज भी बढ़ेंगे। विधानसभा चुनाव के पहले केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्टेशन का भूमिपूजन किया है। अमृत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन का काम हो रहा है। रेल विभाग ने प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की ऊंचाई बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। पैदल पुल पर भी शेड लगाए जा रहे है। यह काम मार्च के पहले सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। दूसरे चरण में स्टेशन भवन बनाया जाएगा। स्टेशन के विस्तार के लिए रेल विभाग ने प्रशासन से जमीन भी मांगी है। अभी भागीरथपुरा वाले हिस्से की तरफ ही स्येशन का गेट है। बाणगंगा की तरफ भी गेट बनाया जाएगा,ताकि बाणगंगा और एयरपोर्ट क्षेत्र की तरफ से भी यात्री स्टेशन पर आ सके। इस स्टेशन की थीम महाकाल लोक की तर्ज पर रखी गई है। उज्जैन से इस स्टेशन की दूरी 60 किलोमीटर है। इंदौर से उज्जैन के बीच दोहरीकरण का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। इसके बाद इस स्टेशन की उपयोगिता और बढ़ जाएगी।

# अयोध्या रवाना होने से पहले गीतों पर झूमे राम भक्त

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित 23 संगठनों के 1450 कार्यकर्ता और कारसेवक रविवार शाम को इंदौर से आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या रवाना होंगे। वे अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य-भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। रेलवे स्टेशन पर रामभक्त भक्ति गीतों पर जमकर झूमे। जयश्रीराम के जयघोष से इंदौर रेलवे स्टेशन गूंज उठा। ट्रेन साढ़े सात बजे तक रवाना होगी।रेल मंत्रालय द्वारा इसके लिए ट्रेन की विशेष व्यवस्था चार दिन के लिए की गई है। इसमें मालवा प्रांत के 28 जिलों के कार्यकर्ता शामिल हैं। यह ट्रेन इंदौर रेलवे स्टेशन रवाना होकर उज्जैन, नागदा व रतलाम में रुककर वहां के कार्यकर्ताओं को लेकर झांसी-कानपुर-लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। ट्रेन पांच फरवरी को शाम 5.30 पर अयोध्या पहुंचेगी, जहां कारसेवक पुरम में सभी के रुकने की व्यवस्था उप्र सरकार व विश्व हिंदू परिषद द्वारा



की गई है।सभी दर्शनार्थी छह फरवरी को सुबह छह बजे नवनिर्मित राम मंदिर में मंगला आरती में सम्मिलित होंगे। उसी ट्रेन से छह फरवरी को शाम 5.30 पर प्रस्थान कर सात फरवरी को शाम 4.30 बजे उज्जैन तथा 7.30 बजे तक इंदौर लौटेंगे। सभी कार्यकर्ता समूह के साथ यात्रा के दौरान ढोल-मंजीरे बजाते हुए भजन-कीर्तन करेंगे।यात्रा के प्रभारी गिरधारीलाल कुमावत तथा मनीष नीम को बनाया गया है। इंदौर रेलवे स्टेशन पर रामभक्तों का स्वागत किया गया। देशभर के 41 प्रांतों से इसी प्रकार अलग-अलग ट्रेनों से अलग-अलग दिन कार्यकर्ताओं के ले जाने की व्यवस्था की गई है। इस योजना से कारसेवकों में उत्साह बना हुआ है।

→सीएम डॉ. मोहन यादव की मंत्रियों को सीख, बोले-

# नई तकनीक के साथ जनता के बीच सुशासन की छाप छोड़ें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों की दो दिनी लीडरशिप समिट का रविवार को समापन हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में दो दिवसीय लीडरशिप समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सुशासन की दिशा में सभी विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए। सुशासन की दिशा में प्रदेश अपनी नई पहचान बनाए इसके लिए कार्ययोजना बनाकर उपलब्धि प्राप्त करें।

मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार मंत्रियों का प्रशिक्षण रखा गया। बदलते दौर में नई तकनीक साथ जनता के बीच गवर्नेंस के अलग छाप दिखाई दी। कार्यशाला में पर्सनालिटी डेवलपमेंट के अलग-अलग सत्र रखे गए। उन्होंने कहा कि यह सुशासन की दिशा में किया गया एक प्रयास है।



## →पं. दीनदयाल के सिद्धांतों पर चलकर प्रदेश विकास पथ पर आगे बढ़ता रहेगा

मुख्यमंत्री ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के मूल दर्शन की जानकारी इस आयोजन में अच्छी तरह से प्रस्तुत की गई। उनके सिद्धांतों पर चलकर हम प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। सीएम ने कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए परस्पर सामंजस्य के साथ समन्वय की भूमिका होना जरूरी है। जनआंदोलन के माध्यम से योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन होता है। हम सुशासन के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ते रहना चाहिए। लीडरशिप समिट में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सफलता हासिल करने की विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया।

**अपने व्यवहार में शासन की मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी-** मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों से कहा कि हमें अपने व्यवहार में शासन की मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी है। समिट के माध्यम से जो व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, उसे अपने जीवन में उतारने का भरपूर प्रयास करें। समिट के सभी सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अच्छे और प्रभावी ढंग से अपने विचार रखे। यह विचार भविष्य में जीवनोपयोगी सिद्ध होंगे।

**विभागों में प्रबोधन और नवाचार के कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएं-** मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने जीवन में बदलाव लाएं, अपने विभाग में प्रबोधन और नवाचार के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित करें। लोगों के व्यक्तिगत जीवन में बदलाव लाने के लिए नवाचार करते रहने से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर विभिन्न विभागों में लगातार कराया जाता रहेगा। आयोजन दूसरे दिन के प्रथम सत्र में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औषधि पौधा भेंट कर किया।

# शराब कारोबारी पर हमला, फायरिंग में एक हमलावर की हुई मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच। शहर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गोलियां चलने की आवाज आई। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शराब कारोबारी अशोक अरोरा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार लगभग 4.30 बजे शराब कारोबारी अरोरा अपनी कार से घर जा रहे थे। इस दौरान शहर के विजय टाकीज चौराहा व लायंस पार्क के बीच सामने से आ रही कार में बैठे लोगों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें अरोरा घायल हुए है। जबकि दावा किया जा रहा है कि फायरिंग में हमलावर में से एक की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि घटना में दर्जन भर से अधिक फायर हुए हैं। मृतक के पास पिस्टल भी पड़ी हुई दिखी। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो पाई है।**

वारदात की सूचना पर मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा और अज्ञात घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर एसपी अमित कुमार तोलानी भी पहुंचे। जहां उन्होंने घटना स्थल को देखा।इसके बाद वे जिला अस्पताल भी पहुंचे। एसपी तोलानी ने बताया कि रविवार को दो घुटों में फायरिंग हुए है। इसमें एक व्यक्ति की मौत हुए है। जिसके पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे है।

फायरिंग में शहर के व्यवसायी अशोक आरोरा घायल हुए हैं। अन्य व्यक्ति की तलाशी के लिए तीन टीमों को घटित किया गया है। वहीं सामने आया है कि अन्य स्थान से भी फायरिंग हुई है। इसकी भी जांच की जा रही है।

# अवैध ई-टिकट बनाने वाले दलालों पर आरपीएफ की कार्रवाई

## तीन लाख के 137 ई-टिकट जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा अनधिकृत रूप से रेल टिकट बनाने वालों के विरुद्ध ÷ऑपरेशन उपलब्ध÷ अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में भोपाल मंडल की आरपीएफ द्वारा विभिन्न स्थानों में दबिश देकर रेलवे ई-टिकट का अवैध कारोबार करने वाले दो लोगों पर कार्रवाई की गई। उनके पास से तीन लाख रुपये से ज्यादा के 137 ई-टिकट जब्त किए गए।



संत हिरदाराम नगर आरपीएफ पोस्ट को मंडल मुख्यालय भोपाल से प्रबल के माध्यम से प्राप्त आईडी के साथ तीन सस्पेक्टेड आइडी के द्वारा रेल टिकिट का अवैध व्यापार करने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हुई। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक विजय सिंह मीना, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह जादौन, आरक्षक सजनेश कुमार यादव द्वारा आइडी की जांच पड़ताल की गई। जिसमें दीपक राय निवासी द्वारका नगर भोपाल, विशाल कुशवाह निवासी गंजबासौदा से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि आईआरसीटीसी से एजेंट आईडी उसकी स्वयं की आईडी है।

उसके पास अन्य तीन आइडी है, जो उसके दोस्त विशाल कुशवाह के द्वारा उपयोग में लाई जाती है। अन्य तीनों आइडी का उपयोग कर वह दोनों मिलकर अपने-अपने मोबाइल से अपनी और अपने परिवार के साथ-साथ अपने ग्राहकों की भी टिकट बनाने का कार्य करते हूं। साथ ही रेलवे के किराये के अलावा प्रति टिकिट ग्राहक से 50-100 रुपये कमीशन के रूप में लेता हूं। विशाल कुशवाह से आईडी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि समर्पण पब्लिक स्कूल, मंडी बामोरा में कंप्यूटर आपरेटर का कार्य करता हूं। स्टाफ की आईडी का उपयोग कर आईआरसीटीसी की साइट से पर्सनल यूजर आईडी बनाई थी। दोनों को लेकर रेलवे सुरक्षा बल चौकी निशातपुरा लाया गया। वहीं दोनों के बयान दर्ज किए गए। आरपीएफ द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से दो नग मोबाइल एवं दो लाइव टिकट कीमत 319.85 रुपये एवं तीनों आइडी बनाई गई कुल 135 रेल ई-टिकट बनाई गई। इसकी कीमत 2,96,556 रुपये सहित कुल रेलवे ई-टिकट 137, जिनका मूल्य 2,96,875 रुपये जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध रेल अधिनियम धारा 143 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया।

New Delhi

# 'ये तीन मंदिर हमें दे दें तो किसी मस्जिद की ओर देखेंगे भी नहीं', बोले राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि

**पुणे, (एजेंसी)** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने रविवार को काशी, मथुरा को लेकर बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा कि पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अयोध्या के बाद काशी और मथुरा के धार्मिक स्थलों का शांति से मिल जाने के बाद हम लोग किसी अन्य सभी मंदिरों से संबंधित मुद्दों को छोड़ देंगे.

गोविंद देव गिरी महाराज ने प्रेस वार्ता में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहते हैं कि मैंने पहले ही बता दिया है कि तीन मंदिर शांति से मिल जाने के बाद हम अन्य मंदिरों पर ध्यान देने की इच्छा भी नहीं करते हैं, क्योंकि हम लोगों को भविष्य में जीना है. भूतकाल में नहीं



जीना है. देश का भविष्य अच्छा होना चाहिए तो इसलिए यदि समझदारी के साथ ये तीन मंदिर (अध्योया, काशी, मथुरा) हमें प्रेम से मिल जाते हैं, फिर हम सारी अन्य बातों को भूल जाएंगे. एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन लोगों को भी प्यार से समझाएंगे. देखो इन सभी स्थानों के लिए एक बात नहीं बोली जा सकती. कहीं-कहीं समझदार लोग होते हैं, कहीं-कहीं समझदार लोग नहीं होते हैं. जहां जैसी स्थिति है वहां उसी प्रकार से लोगों को समझाने की कोशिश करें. हम किसी भी प्रकार देश में शांति नहीं होने देंगे. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर 4 फरवरी से 11 फरवरी के बीच कई धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

Paschim

## पहले ठंड प्रचंड अब पड़ेगी भीषण गर्मी की मार, इस साल मॉनसून बेहतर रहने के आसार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत में इस साल वसंत ऋतु कम समय तक रहने के आसार हैं। इसके बाद भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान में आशंका जताई है। उनके मुताबिक,अल नीनो प्रभाव के कारण वसंत के बाद से गर्मी का प्रकोप देखने को मिलेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, अप्रैल से जून के बीच 73 फीसदी संभावना है कि ईएनएसओ (अल नीनो और दक्षिणी दोलन) धीमा होगा। इसके तटस्थ रहने से जुलाई- सितंबर के आसपास ला नीना स्थितियों के विकसित होने की उम्मीद है। इससे मॉनसून अच्छा रहने के आसार हैं।**

बता दें, भारत में अल नीनो के प्रभाव से अधिक गर्मी और कमजोर मॉनसून देखने को मिलता है। वहीं ला नीना से मजबूत मॉनसून, औसत से अधिक बारिश और सर्दियों पर असर पड़ता है।

निजी मौसम विभाग स्काईमेट वेदर ने कहा कि इस वक्त समुद्र और वायुमंडल की स्थितियां अल नीनो घटना के अनुरूप बनी हुई हैं। लेकिन यह भी संभावना है कि वायुमंडल संकेतक अनुमान से कहीं अधिक तेज गति से कमजोर हो रहा है। स्काईमेट ने कहा, संभावित ईएनएसओ पूर्वानुमान कुछ हद तक असामान्य पैटर्न दर्शा रहा है।

2024 की शुरुआत में अल नीनो मजबूती के साथ विकसित हुआ और मई-जून तक समाप्त होने के आसार हैं। इसके बाद फिर अचानक बढ़ेगा और वर्ष के अंत तक ला नीना के निर्माण का संकेत दे रहा है। स्काईमेट ने कहा, 2015 में भी मजबूती के साथ अल नीनो की घटना समाप्त हुई थी और 2016 में प्रचंड गर्मी देखने को मिली थी।

Uttarpradesh

## कानपुर में भयंकर रोड एक्सीडेंट देर रात तालाब में गिरी कार; छह लोगों की दर्दनाक मौत

**कानपुर देहात, (एजेंसी)** कानपुर में बड़ा रोड एक्सीडेंट हुआ है। देर रात एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे तालाब में गिर गई जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दो लोग घायल हैं। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हादसे में मारे गए लोग तिलक समारोह में शामिल होकर इटावा से मुर्रा गांव लौट रहे थे। हादसा, सिकंदरा संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास हुआ। कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी।

सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसपी ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकलवाकर अस्पताल भेजा। वहां कार सवार छह लोगों को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में कार में सवार रहे भाई-बहन ही बचे हैं। मिली जानकारी के अनुसार डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज अपनी बेटी का तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इस कार्यक्रम में शामिल होकर लोग वापस लौट रहे थे। तभी ये कार अनियंत्रित होकर सिकन्दरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास स्थित चौड़े नाला नुमा तालाब में

Paschim bangal

## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गिरफ्तार, PM नरेंद्र मोदी के बैनर पर कालिख पोतने का आरोप

**मुंबई, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैनर पर कालिख पोतने के मामले में महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष कुणाल राऊत को गिरफ्तार किया है. कुणाल राऊत कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री नितीन राऊत के बेटे है.



कुणाल राऊत को नागपुर जिला परिषद कार्यालय परिसर में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैनर को नुकसान पहुंचाने और कालिख पोतने के मामले में रविवार रात नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. शहर के सदर थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था. गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने पुलिस थाने में जमकर नारेबाजी करते हुए उनके खिलाफ हुए कार्रवाई का विरोध किया है.

दरअसल, विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर जिला परिषद कार्यालय परिसर में एक बड़ा बैनर लगाया गया था, जिस पर लिखा था, 'मोदी सरकार की गारंटी'. इसी पोस्टर पर यूथ कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष कुणाल राऊत और उनके सहयोगियों ने बैनर पर कालिख पोत दी थी.

खेल

# भारत ने डेविस कप में पाकिस्तान को 4-0 से हराया, आठवीं बार शिकस्त दी

### विश्व ग्रुप-1 में जगह बनाई

**इस्लामाबाद, (एजेंसी) साठ साल के लंबे अंतराल के बाद पाकिस्तान के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंची भारतीय डेविस कप टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ 4-0 की बढ़त बनाकर विश्व ग्रुप-1 में जगह सुनिश्चित कर ली है। रविवार को खेले गए युगल मुकाबले में युकी भांबरी और साकेत मायनेनी ने जीत हासिल की और उसके बाद निकी पूनाचा ने डेविस कप में अपने पहले मैच में विजय हासिल की। इससे पहले शनिवार को रामकुमार और श्रीराम एन बालाजी ने अपने एकल मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त दिला दी थी।**

भारत की भांबरी और मायनेनी की जोड़ी ने मुजामिल मुर्तजा और अकील खान की जोड़ी को 6-2,



7-6 (5) से हराया। पाकिस्तान ने इस मुकाबले में बरकत उल्लाह की जगह अनुभवी अकील खान को उतारा था ताकि करो या मरो के मुकाबले में उम्मीदें कायम रखी जा सके लेकिन पाकिस्तान की सारी कोशिशें धरी रह गईं। युगल रबर जीतने के साथ भारत ने 3-0 से टाई में निर्णायक बढ़त बना ली थी।

#### नहीं हुआ पांचवां मुकाबला

भांबरी और दमदार सर्विस करने वाले मायनेनी ने मैच में अपना दबदबा रखा। दोनों टीमों के खेल के स्तर में अंतर साफ नजर आ रहा था। मेजबान खिलाड़ियों को मायनेनी की ताकतवर सर्विस का सामना करने में ही परेशानी हो रही थी। मायनेनी ने अपनी सर्विस पर कोई अंक नहीं गंवाया। नेट पर भी उनका खेल अच्छा रहा। भारतीय खिलाड़ियों खासकर भांबरी के रिटर्न अच्छे रहे। उलट एकल औपचारिक रह गया था। भारतीय टीम ने 28 साल के पूनाचा को उतारा जिन्होंने मोहम्मद शोएब को 6-3, 6-4 से हराया। पांचवां मुकाबला खेला ही नहीं गया। शोएब को सर्विस में दिक्कत आ रही थी। हालांकि उनका बैकहैंड अच्छा था जिसे पूनाचा ने भांप लिया था जिसके कारण उनके बैकहैंड पर गेंद नहीं दी। पाकिस्तान खिलाड़ी ने बेजा गलतियां भी कीं।

**भारत की लगातार 8वीं जीत-** भारत की पाकिस्तान पर लगातार 8वीं जीत है। अब भारत सितंबर में विश्व ग्रुप-1 में खेलेगा जबकि पाकिस्तान की टीम ग्रुप-2 में ही रहेगी।

सिनेमा

## भारतीय संगीत का हुआ नाम, फ्यूजन बैंड शक्ति और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने जीते अवार्ड



दुनिया के सबसे सम्मानित म्यूजिक अवार्ड्स कहे जाने वाले ग्रैमी अवार्ड्स 2024 में भारत की बड़ी जीत हुई है। भारत के फ्यूजन बैंड 'शक्ति' को 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' का अवार्ड मिला है। इस बैंड में शंकर महादेवन, जॉन मैक्लॉलिन, जाकिर हुसैन, वी सेल्वागणेश और गणेश राजगोपालन जैसे टैलेंटेड कलाकार हैं। इस बैंड के अलावा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने भी ग्रैमी अवार्ड जीता है। ये अवार्ड्स क्रिप्टो डॉट कॉम एरीना, लॉस एंजेलिस में 5 फरवरी सोमवार को हुए. 'शक्ति' को उनके लेटेस्ट म्यूजिक एल्बम 'दिस मोमेंट' के लिए 66वें ग्रैमी अवार्ड्स में, 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' कैटगरी में विनर घोषित किया गया. बैंड ने 45 साल बाद अपना पहला एल्बम रिलीज किया था, जिसे सीधा ग्रैमी अवार्ड मिला है. इंग्लिश गिटारिस्ट जॉन मैक्लॉलिन ने 1973 में भारतीय वायलिन प्लेयर एल. शंकर, तबला वादक जाकिर हुसैन और टी.एच. 'विक्कू' विनायकराम के साथ फ्यूजन बैंड 'शक्ति' की शुरुआत की थी. लेकिन 1977 के बाद ये बैंड बहुत एक्टिव नहीं रहा. 1997 में जॉन मैक्लॉलिन ने फिर से इसी कॉन्सेप्ट पर 'रिमेम्बर शक्ति' नाम से बैंड बनाया और इसमें वी. सेल्वागणेश (टी.एच. 'विक्कू' विनायकराम के बेटे), मैन्डलिन प्लेयर यू. श्रीनिवास और शंकर महादेवन को शामिल किया. 2020 में ये बैंड फिर से साथ आया और 'शक्ति' के तौर पर इन्होने 46 साल बाद अपना पहला एल्बम 'दिस मोमेंट' रिलीज किया.

## संपादकीय

# देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

देश में सबसे बड़ा सम्मान भारत रत्न को माना जाता है। अब तक 50 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति देश वीआईपी में शामिल होता है। भारत रत्न को प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को कोई राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है। जवाहरलाल नेहरू को 15 जुलाई को ही देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान करने का ऐलान किया गया था। उन्हें यह वर्ष 1955 में प्रदान किया गया। वर्ष 1954 में स्थापित यह सम्मान किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। जवाहरलाल नेहरू के बाद इंदिरा गांधी दूसरी ऐसी शख्सियत रहीं, जिन्हें प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भारत रत्न से सम्मानित किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया के समीकरण तेजी से बदल रहे थे। भारत नया-नया आजाद हुआ था। विश्व में अपनी जड़ें ढूंढ रहा था। अधिकतर क्षेत्र में भारत अभी भी दूसरे देशों पर निर्भर था। अमेरिका खाद्य पदार्थों से लेकर अन्य क्षेत्रों में भारत की मदद करता था। जवाहर लाल नेहरू चाहते थे कि इंडस्ट्रिलाइजेशन की शुरुआत हो। तब की जियोपॉलिटिक्स ऐसी थी कि अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की तरफ ज्यादा था। वो पाकिस्तान से अपने सैन्य रिश्ते मजबूत करता जा रहा था। पाकिस्तान के साथ रिश्ते अनबैलेंस न हो इसके लिए जरूरी था कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत अपनी मौजूदगी दर्ज कराए। 1954 में भारत ने चीन के साथ तिब्बत पर सिनो इंडियन एग्रीमेंट साइन किया। इसके बाद नेहरू ने यूएसएसआर और यूरोप का दौरा किया। यूरोप और सोवियत के दौरे से 13 जुलाई को वापस दिल्ली लौटे जवाहर लाल नेहरू। लेकिन जब वो एयरपोर्ट पर उतरे तो प्रोटोकॉल तोड़ते हुए राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद खुद उनका स्वागत करने पहुंचे थे। राजेंद्र प्रसाद के अलावा काफी लोग नेहरू के स्वागत के लिए मौजूद थे। एयरपोर्ट पर नेहरू को एक छोटा सा भाषण देने के लिए भी कहा गया। बाद में राष्ट्रपति भवन में एक भोज का आयोजन किया गया। तब डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नेहरू को लेकर कहा कि ये हमारे समय के शांति के सबसे बड़े वास्तुकार हैं। इंदिरा गांधी को साल 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया। उस साल केवल उन्हें ही भारत रत्न दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इंदिरा गांधी को ये सम्मान दिया था। तब उन्होंने राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की तरह ही खुद इस बात का फैसला लिया था। अवॉर्ड की खास बात यह है कि उन्हें यह पुरस्कार साल 1972 में दिया गया था, जबकि यह साल 1971 के लिए था। उन्हें यह पुरस्कार पाकिस्तान-बांग्लादेश वॉर में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गया था। इंदिरा के इमरजेंसी के दौर के बाद मोरारजी देसाई की सरकार जब सत्ता में आई तो फैसला लिया कि सरकार को नागरिक सम्मान बंद कर देना चाहिए। दलील दी गई कि इसमें प्रलोभन चलते हैं और लाबिंग होती है। मार्च 1977 से लेकर जनवरी 1980 तक देश में न तो किसी तो भारत रत्न दिया गया और न ही पद्म पुरस्कार। 1980 में इंदिरा सरकार वापस सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई की शुरू की या फिर कहे कि खत्म की गई परंपरा को दुरूस्त करने की दलील के साथ प्रणब मुखर्जी ने इंदिरा गांधी को भारत रत्न के नाम का ऐलान करने का सुझाव दिया।

## Quote...

"In the end, it's not the years in your life that count. It's the life in your years."

-Abraham Lincoln

॥ मोरारी ॥
MORARI BAPU




**अपने विचारों का दान करना सबसे बड़ा दान है।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# बेहद खूबसूरत है हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा




हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है। यहां पर कई छोटी-बड़ी टूरिस्ट प्लेस हैं जिन्हें देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। वैलेंटाइन वीक शुरू होने वाला है और अगर ऐसे में आप कहीं घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं तो हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में जा सकते हैं। ये एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर खूब धार्मिक स्थल भी हैं। पहाड़ों का मजा लेने के लिए इस जगह को एक्सप्लोर करने जरूर जाएं। यहां जानिए उन जगहों के बारे में जो आपको यहां एक्सप्लोर करनी चाहिए। कांगड़ा में घूमने की जगह

### →कांगड़ा फोर्ट

कांगड़ा किला हिमालय क्षेत्र का सबसे बड़ा किला और भारत का सबसे पुराना किला माना जाता है। इस जगह का उल्लेख महाभारत में भी किया गया है। अपनी भव्यता के कारण ये किला पर्यटकों के बीच बहुत फेमस है। यहां से आप खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं।

### →करेरी झील

कांगड़ा के पास करेरी झील का खूबसूरत नजारा देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। कहा जाता है कि मीठे पानी की इस झील में पानी बर्फ के पिघलने से इकट्ठा होता है। ट्रेकर्स और नेचर लवर्स को यह जगह खूब पसंद आएगी।

### →मसरूर

मसरूर प्राचीन चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों के लिए फेमस है। ये जगह कांगड़ा के पास घूमने लायक जगह है। यहां रहकर आप प्राचीन काल की वास्तुकला का आनंद ले सकते हैं।

### →ताशी द्जोंग मठ

कांगड़ा में खूबसूरत ताशी द्जोंग मठ तिब्बती शरणार्थियों की एक खास जगह है। इसके परिसर में एक मुख्य मंदिर है जिसमें खम्त्रुल रिनपोछे का स्तूप है। इस पूरी इमारत को लकड़ी की नक्काशी, थांगका पेंटिंग और गिल्डिंग से सजाया गया है।

## Highlights

1. Bond bulls pin hopes on dovish RBI pivot to extend budget rally
2. President addressed the valedictory function of CLEA conference
3. Noida: Man stoned to death after clash during cricket match
4. Deputy CM extends best wishes for board exams in Madhya Pradesh
5. Spy in Indian embassy gave secret military info to Pakistan for money: Officials

# IndiGo's Q3 profit surges 53% as India air travel demand grows

**NEW DEIHI, (Agency).** IndiGo, India's biggest airline, reported a profit for a fifth straight quarter as the budget carrier captured a higher share of passenger traffic during the period.

Net income rose 53% to 29.98 billion rupees ($362 million) in the three months through Dec. 31, IndiGo said in a stock exchange filing Friday. The airline exceeded Bloomberg's consensus estimate of 21.27 billion rupees.

Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!




Revenue for the third quarter beat estimates at 194.5 billion rupees, 30% above year-earlier levels. Fuel costs rose 18%. Its seat capacity rose 26.8% during the period.

IndiGo is ramping up capacity to seize a bigger chunk of what is one of the world's fastest-growing aviation markets. Its already large share, currently at 62%, has been growing considering rival SpiceJet Ltd. is struggling financially, while another budget carrier — Go Airlines — filed for insolvency and stopped operations in May.

# Hyundai may launch India's largest IPO ever this Diwali: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** The local arm of South Korea's Hyundai Motor Co-Hyundai Motor India Ltd (HMIL)- is planning to launch its initial public offering (IPO) which could be the country's largest ever, The Economic Times (ET) reported. The IPO will be launched around Diwali between September and November this year after bankers valued HMIL at $22-28 billion, the report added.

The automaker is likely to dilute 15-20 per cent to raise $3.3-5.6 billion ( ₹27,390 to ₹46,480 crore) which would make it a larger IPO than LIC that had an issue size of ₹21,000 crore, it was reported.




Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!

The ET also reported that global investment banks like Goldman Sachs, Morgan Stanley, JP Morgan and HSBC were in Seoul last week to make IPO pitches to Hyundai. One person aware of the matter was quoted in the report as saying that the momentum for this is expected to pick up after Lok Sabha elections are over in India.

# इंदौर के नए पुलिस कमिश्नर बने राकेश गुप्ता

## खतरनाक खड़ी कराई गैंग पर कसी थी नकेल

**इंदौर। इंदौर शहर में राकेश गुप्ता नए पुलिस कमिश्नर बन गए हैं। वे मकरंद देउस्कर की जगह पदभार संभालेंगे। मकरंद देउस्कर को प्रतिनियुक्ति पर बीएसएफ आईजी बनाया गया है। राकेश गुप्ता इंदौर ग्रामीण आईजी थे। अब वे इंदौर पुलिस कमिश्नर का पद संभालेंगे। इससे पहले राकेश गुप्ता इंदौर में एसएसपी और डीआईजी भी रह चुके हैं।**



### राकेश गुप्ता को क्यों मिली जिम्मेदारी

इंदौर डीआईजी रहते हुए राकेश गुप्ता ने कई बड़े बदलाव किए। उन्होंने सियागंज की खड़ी कराई गैंग पर नकेल कसी थी जो शहर में अपराध की प्रमुख गैंग है। इंदौर के कई हाई प्रोफाइल केस भी उन्होंने कम समय में सुलझाए। इनमें से एक केस में डॉक्टर के बेटे के अपहरण और हत्याकांड के मामले में उन्होंने आरोपी को पकड़कर बहुत कम समय में जेल भिजवाया था। कोतवाली इलाके में रहने वाले एक बोहरा व्यापारी के हत्याकांड को भी उन्होंने कुछ घंटों में सुलझाया था। राकेश गुप्ता तकनीक और नवाचार के साथ काम करने के लिए जाने जाते हैं। विभाग के लिए उनका मैनेजमेंट भी हमेशा चर्चा में रहता है।

### क्या है खड़ी कराई

खड़ी कराई गैंग व्यापारिक क्षेत्रों में आने जाने वाले लोडिंग वाहनों को रुकवा लेती है। इसके बाद उनसे वसूली करती है। यह गैंग इंदौर में लंबे समय तक वसूली करती रही और इस दौरान कई हत्याएं भी हुई। अब इस गैंग को पूरी तरह से खत्म किया जा चुका है।

# 4 साल के बच्चे की करंट से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के पास सिमरोल में रहने वाले 4 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। बच्चा यहां अन्य तीन बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान उसने बिजली का तार पकड़ लिया। झटके से वह गिर गया। पिता उसे पहले इंदौर के नवलखा इलाके के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से उसे एमवाय भेज दिया। यहां उसकी मौत हो गई। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक विनोद(4) पुत्र नुरू भील निवासी घोड़ाबाद सिमरोल को उसके पिता रविवार शाम एमवाय लेकर आए। उन्होंने बताया कि बच्चे को करंट लग गया। यहां डॉक्टरो ने करीब एक घंटे तक उसका उपचार किया। इसके बाद उसकी मौत हो गई।



**बच्चो के साथ खेलते समय तार की चपेट में आया-** पुलिस के मुताबिक विनोद यहां आसपास के बच्चो के साथ घर के यहां खेल रहा था। तभी वह जमीन से जा रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद दूसरे बच्चो ने चिल्लाया तो विनोद की मां सुनीता उपरी मंजिल से नीचे आई। इस समय विनोद बेसुध हो गया था। इसके बाद आसपास के लोगो की मदद से विनोद को निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने उसे एमवाय भेज दिया। नुरू के मुताबिक उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण घर में बिजली के तार खुले हुए है।

**तीन बच्चों में सबसे छोटा-** विनोद के एक भाई और बहन है। दोनों अपने मामा और दादी के यहां पर गए हुए थे। विनोद अपने मां के पास था। विनोद के पिता नुरू मिस्त्री का काम करते है। उनके मुताबिक अभी यह नही पता चला कि बच्चे ने तार खुद पकड़ा या गलती से उसका हाथ लग गया। घटना के बाद आसपास के बच्चे भी डर कर घर चले गए तो उनसे बात नही हो पाई।

# सूने घरों को निशाना बना रहे मास्क वाले चोर

## 15 सीसीटीवी में कैद चोर पर पुलिस की पकड़ से बाहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में मास्क वाले चोरों से रहवासी परेशान हैं। चोर अब तक करीब आधा दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। रहवासियों ने लगातार हो रही चोरी को लेकर सीसीटीवी से जानकारी निकाली और फुटेज पुलिस को सौंपे।**

हालांकि पुलिस अभी तक इन चोर तक नही पहुंच पाई है। परेदशीपुरा इलाके के कुलकर्णी नगर में लगातार 15 दिनों से मास्क पहनकर बदमाश वारदात को अजांम दे रहे हैं। बदमाशों की संख्या दो से तीन बताई जा रही है।

**आठ कैमरों में कैद हुए घर का माल उड़ाया-** चोरों ने 15 जनवरी 2024 को उपचार कराने गए गोठवाल परिवार के घर में चोरी की। चोर राजेश गोठवाल के यहां से गहने ओर हजारों रुपए नगदी चुराकर ले गए। पुलिस को जानकारी के साथ फुटेज भी सौंपे गए। लेकिन चोरों की जानकारी नहीं लगी। यहां आठ कैमरों में चोर कैद हुए।

इसी दिन गांधी चौक से भी बैरवा समाज के व्यक्ति के यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं जाटव परिवार के यहां भी इसी दिन चोरी की। चोर यहां भी कैश ओर जेवर चुराकर ले गए।

**ई रिक्शा चुराई, गाड़ी भी नहीं मिली-** इसी कॉलोनी में पानी की टंकी के पास गोलू जैसवाल के घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा को यही चोर चुराकर ले गए। पुलिस के पास सीसीटीवी पहुंचे तो पूर्व में हुई चोरियों के दौरान बदमाश उसी मास्क और कपड़ों में नजर आए। जिसमें चोरी करने वाले बदमाशों को लेकर आसपास के मुखबिरों से जानकारी पुलिस ने इकट्ठा की। बावजूद इसके अब तक आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी।

**महिला के जागने पर भागे बदमाश-** बैरवा समाज के अखाड़े के पास 27 जनवरी की रात चोरों ने फिर से वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बदमाश ई रिक्शा चोरी करने पहुंचे। लेकिन परिवार की महिला को आवाज आई। वह जागी तब बदमाश मौके से भाग गए।

### डिलीवरी बॉय की सड़क हादसे में मौत

**इन्दौर।** द्वारकापुरी इलाके में रहने वाला एक डिलीवरी बॉय सड़क हादसे का शिकार हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। यहां उसकी मौत हो गई। वह धार के आगे मोहन खेड़ा का रहने वाला है। सूचना के बाद परिवार के लोग इंदौर पहुंचे है राऊ पुलिस के मुताबिक सोहन (32) पुत्र गुलाम वसुनिया सूर्यदेव नगर का रहने वाला है। दो पहिया वाहन से जाते समय रविवार रात उसे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। वह फूड डिलीवरी का काम करता था। रात में फूड डिलीवरी करने ही निकला था। तभी हादसे का शिकार हो गया। परिवार ने बताया कि वह इंदौर के सूर्य देव नगर में अपनी पत्नी के साथ किराये से रहता है।




# शादीशुदा ने धर्म बदलकर पहले की दोस्ती फिर किया दुष्कर्म

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर।** 29 साल की महिला के साथ धर्म बदलकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी पहले से शादीशुदा भी था। फिर भी पीड़िता को शादी का झांसा देकर रेप करता रहा। सच्चाई सामने आने पर पीड़िता ने पुलिस में फरमान पुत्र मुबीन शेख पर केस दर्ज कर लिया है। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय पीड़िता पति से अलग रहती है। चार साल पहले 2019 में एमआईजी इलाके में एक युवक से पहचान हुई। तब उसने अपना नाम आशीष बताया। दोनों के बीच दोस्ती हुई और मोबाइल नंबर शेयर कर लिया। इसके बाद आशीष मुझसे लगातार बात करने लगा। एक साल बाद 2020 में उसने मुझे भरोसे में लेकर शादी की बात कही। मेरी हां के बाद उसने मुझसे शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद जब पता चला कि आशीष का असली नाम फरमान है। और वह पहले से शादीशुदा भी है। इस पर पीड़िता ने उससे पहचान छुपाने को लेकर विवाद किया। तब फरमान पुत्र मुबीन शेख निवासी वल्लभ नगर ने कहा कि मैं पत्नी को तलाक दे कर तुझसे शादी कर लूंगा। पीड़िता ने बताया कि चार साल से फरमान उसे शादी के नाम से धोखा दे रहा है। 30 जनवरी को वह युवती के घर आया तब युवती ने कहा कि शादी कब करेगे। फरमान ने कहा कि उससे शादी करने के लिये पहले बुर्का पहनना पड़ेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक